Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शनिवार
सायं 6:42 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में रविवार
सुबह 5:59 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 81 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शनिवार, 13 सितम्बर 2025

दूसरे हफ्ते में बनी 100 करोड़ी...पेज-3 पर

# अब कोई भी विभाग सीधे रातों-रात बुलडोजर नहीं चला सकेगा

देहरादून
हमारे संवाददाता

अतिक्रमण हटाने के लिए अब कोई भी विभाग सीधे रातों-रात बुलडोजर नहीं चला सकेगा। सुप्रीम कोर्ट के आदेश के तहत शहरी विकास विभाग ने एसओपी जारी कर दी है। इसके तहत नोटिस, सुनवाई सहित सभी प्रक्रिया पूरी करनी जरूरी होंगी। पूरी कार्रवाई की जानकारी पोर्टल पर उपलब्ध होगी। अतिक्रमण हटाने को लेकर कई तरह के कानूनी विवाद सुप्रीम कोर्ट तक पहुंचे थे। सुप्रीम कोर्ट ने एक याचिका पर सुनवाई करते हुए 13 नवंबर 2024 को आदेश जारी किया था। इसमें अतिक्रमण हटाने के लिए पूरी व्यवस्था



स्पष्ट की गई थी। ये भी स्पष्ट किया गया था कि सार्वजनिक स्थान जैसे सड़क, स्ट्रीट, फुटपाथ, रेलवे लाइन, नदी के परिक्षेत्र के अतिक्रमण पर यह व्यवस्था लागू नहीं होगी। एसओपी लागू होने के बाद अब किसी भी अतिक्रमण को हटाने या ध्वस्तीकरण करने से पहले निर्धारित नियमों का पालन अनिवार्य होगा। अतिक्रमण हटाने से पहले 15 दिन का नोटिस देना होगा। यह नोटिस कोड डाक से भेजने के साथ ही संबंधित संपत्ति पर चस्पा करना जरूरी होगा। इसकी सूचना जिलाधिकारी कार्यालय को भी देनी होगी। जिलाधिकारी स्तर पर एक नोडल अधिकारी नामित किया जाएगा। तीन माह के भीतर एक पोर्टल तैयार किया जाएगा। इसमें सभी संबंधित सूचनाएं दर्ज होंगी। अपील का प्रावधान होने पर संबंधित व्यक्ति को सुनवाई का मौका दिया जाएगा। सक्षम अधिकारी को अपने निर्णय का कारण भी स्पष्ट करना होगा। ध्वस्तीकरण का आदेश पारित होने के बाद कब्जाधारक को 15 दिन का समय खुद अतिक्रमण हटाने के लिए दिया जाएगा। यहां प्रावधान उन मामलों में लागू नहीं होगा, जो न्यायालय में विचाराधीन हैं या जिन पर स्टे ऑर्डर लागू है। ध्वस्तीकरण से पूर्व प्राधिकारी को विस्तृत रिपोर्ट तैयार करनी होगी, जिस पर दो पंचों के हस्ताक्षर अनिवार्य होंगे। पूरी कार्रवाई की वीडियोग्राफी कराई जाएगी। मौके पर मौजूद अधिकारियों-कर्मचारियों का विवरण भी दर्ज किया जाएगा। अहम प्रावधान ये भी है कि अगर ध्वस्तीकरण गलत पाया जाता है या न्यायालय से पहले से स्टे ऑर्डर मिल चुके होंगे तो पूरी जिम्मेदारी संबंधित अधिकारी की होगी। ऐसी स्थिति में अधिकारी को तोड़े गए निर्माण का मुआवजा निजी रूप से देना होगा।

## News कॉर्नर

### गुलदार ने चार साल की बच्ची को बनाया निवाला

**कोटद्वार।** गुलदार ने देर रात बच्ची पर हमला किया। बच्ची का शव बरादम हो गया है। वहीं, घटना के बाद से गांव में दहशत का माहौल है। कोटद्वार में देर रात दर्दनाक घटना हो गई। पोखड़ा रेंज के श्रीकोट गांव में एक गुलदार ने चार साल की बच्ची पर हमला कर उसे मार डाला। बच्ची का शव घर से कुछ दूरी पर बरामद हुआ है। जानकारी के अनुसार, घटना रात करीब आठ बजे की है। गुलदार ने रिया(4) पुत्री जितेंद्र रावत पर हमला किया और उसे घसीटता हुआ ले गया। इस दौरान परिवार में हड़कंप मच गया। सभी ने बची को ढूंढना शुरू किया। बच्ची का शव घर से कुछ ही दूरी पर मिल गया है। सूचना मिलते ही गढ़वाल वन प्रभाग के रेंजर नक्षत्र शाह टीम के साथ गांव के लिए रवाना हो गए हैं।

### पहले दिन केदारनाथ हेली सेवा के 4700 टिकटों की बुकिंग

**देहरादून।** केदारनाथ हेली सेवा के टिकटों की बुकिंग एक सप्ताह के लिए खोली गई है। जिसमें 15 से 22 सितंबर तक की यात्रा के लिए टिकटों की बुकिंग की गई। चारधाम यात्रा के दूसरे चरण में केदारनाथ हेली सेवा के लिए शुक्रवार को 4700 टिकटों की बुकिंग की गई। आईआरसीटीसी ने 12 बजे बुकिंग पोर्टल खोला। शाम तक अधिकतर टिकट बुक हो चुके थे। हेलिकॉप्टर से केदारनाथ जाने के लिए हेली सेवा की काफी मांग है। उत्तराखंड नागरिक उड्डयन विकास प्राधिकरण (यूकाडा) के सीईओ आशीष चौहान ने बताया कि केदारनाथ हेली सेवा के टिकटों की बुकिंग एक सप्ताह के लिए खोली गई है। जिसमें 15 से 22 सितंबर तक की यात्रा के लिए टिकटों की बुकिंग की गई। 12 बजे से देर शाम तक आईआरसीटीसी की वेबसाइट पर अलग-अलग तिथियों में 4700 टिकट बुक किए गए। प्रतिदिन के हिसाब से निर्धारित सीट के अनुसार अभी 300 सीटों की बुकिंग शेष बची है।

# आइजोल पहुंचे पीएम मोदी 9000 करोड़ की दी सौगात

नई दिल्ली/आइजोल
एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मिजोरम में विपक्षी दलों पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि लंबे समय से हमारे देश में कुछ राजनीतिक दल वोट बैंक की राजनीति करते रहे हैं। उनका ध्यान हमेशा उन जगहों पर रहा जहां ज्यादा वोट और सीटें थीं, लेकिन हमारा दृष्टिकोण बहुत अलग है। जो पहले उपेक्षित थे, वे अब सबसे आगे हैं। जो कभी हाशिए पर थे, वे अब मुख्यधारा में हैं।

मिजोरम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 9,000 करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली कई विकास परियोजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन किया। प्रधानमंत्री मोदी ने 8,070 करोड़ से अधिक की लागत वाली बैराबी-सैरांग नई रेल लाइन का उद्घाटन किया, जो मिजोरम की राजधानी को पहली बार भारतीय रेल नेटवर्क से जोड़ेगी। प्रधानमंत्री ने कहा कि मैं यहां मिजोरम के लेंगपुई हवाई अड्डे पर हूं। दुर्भाग्य से खराब मौसम के कारण मुझे खेद है कि मैं आइजोल में आपके साथ



शामिल नहीं हो पा रहा हूं, लेकिन मैं इस माध्यम से भी आपके प्यार और स्नेह को महसूस कर सकता हूं। उन्होंने कहा कि चाहे स्वतंत्रता आंदोलन हो या राष्ट्र निर्माण, मिजोरम के लोग हमेशा योगदान देने के लिए आगे आए हैं। त्याग और सेवा, साहस और करुणा, ये मूल्य मिजो समाज के केंद्र में हैं। आज मिजोरम भारत की विकास यात्रा में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। यह राष्ट्र के लिए, विशेषकर मिजोरम के लोगों के लिए एक ऐतिहासिक दिन है। प्रधानमंत्री ने कहा, %...कुछ वर्ष पहले मुझे आइजोल रेलवे लाइन की आधारशिला रखने का सौभाग्य मिला था। आज हम इसे देशवासियों को समर्पित करते हुए गर्व महसूस कर रहे हैं। दुर्गम रास्तों सहित कई चुनौतियों को पार करते हुए यह बैराबी-सैरांग रेलवे लाइन अब साकार हो गई है। हमारे इंजीनियरों के कौशल और हमारे कार्यकर्ताओं के जज्बे ने इसे संभव बनाया है। यह सिर्फ एक रेल संपर्क नहीं है, बल्कि यह बदलाव की जीवनरेखा है। यह मिजोरम के लोगों के जीवन और आजीविका में क्रांतिकारी बदलाव लाएगा। मिजोरम के किसान और व्यवसाय देश भर के ज्यादा बाजारों तक पहुंच सकेंगे।

# प्रदेश के छह जिलों में भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट, टिहरी में स्कूल बंद

देहरादून
हमारे संवाददाता

जलवायु परिवर्तन और मौसम के बदले पैटर्न की वजह से इस बार मानसून की बारिश सामान्य से अधिक हो रही है।

प्रदेश के कई हिस्सों में शनिवार को तेज दौर की बारिश की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से देहरादून समेत टिहरी, पौड़ी, अल्मोड़ा, नैनीताल और बागेश्वर जिले के कुछ इलाकों में भारी से भारी बारिश का ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इन जिलों में बिजली चमकने के साथ कई दौर की तेज बारिश की चेतावनी है। अन्य जिलों में भी तेज दौर की बारिश का येलो अलर्ट जारी किया गया है। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि जलवायु परिवर्तन और मौसम के बदले पैटर्न की वजह से इस बार मानसून की बारिश सामान्य से अधिक हो रही है। आने वाले दिनों की बात करें तो 18 सितंबर तक प्रदेशभर में तेज दौर की बारिश होने की संभावना है। वहीं, टिहरी में कक्षा 1 से 12 तक के सभी स्कूल बंद रहेंगे।

### प्रदेश में तीन एनएच समेत 177 मार्ग बंद

राज्य में बीते रोज भी तीन एनएच समेत 177 मार्ग बंद रहे। इस कारण लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। टिहरी में 23, चमोली 32, रुद्रप्रयाग 25, पौड़ी 12 और उत्तरकाशी जिले में 21 सड़क बंद थी। देहरादून 16, हरिद्वार एक, पिथौरागढ़ 18, अल्मोड़ा 16, बागेश्वर छह और नैनीताल में सात सड़क बंद रही। चंपावत और ऊधमसिंह नगर में कोई भी सड़क बंद नहीं है।



# रूस में 7 से अधिक तीव्रता भूकंप के तेज झटके, सुनामी की चेतावनी जारी

मॉस्को
एजेंसी

रूस के कामचटका क्षेत्र के पूर्वी तट के पास भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। इसकी तीव्रता सात से ज्यादा बताई जा रही है। इस प्रायद्वीप में 20 जुलाई, 2025 को पांच शक्तिशाली भूकंप आए थे, जिनमें से सबसे बड़ा 7.4 तीव्रता का था।

रूस में शनिवार को भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए। रूस के कामचटका प्रायद्वीप के पूर्वी तट के पास 7.1 तीव्रता का भूकंप आया। इसके बाद इलाके में सुनामी की चेतावनी जारी की गई। भारत के नेशनल सेंटर फॉर सिस्मोलॉजी ने भूकंप की तीव्रता सात मापी। एनसीएस के मुताबिक, भूकंप सुबह आठ बजकर सात मिनट पर आया। इसका केंद्र जमीन से 60 किलोमीटर गहराई में था। जर्मन भूविज्ञान अनुसंधान केंद्र (जीएफजेड) ने भूकंप का केंद्र 10 किलोमीटर की गहराई में बताया, जबकि अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) ने इसकी तीव्रता 7.4 बताई और केंद्र 39.5 किलोमीटर की गहराई में बताया। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) के मुताबिक, शनिवार तड़के रूस के कामचटका क्षेत्र के पूर्वी तट के पास 7.4 तीव्रता का शक्तिशाली भूकंप आया। भूकंप का केंद्र पेट्रोपावलोव्स्क-कामचत्स्की से 111.7 किमी पूर्व में और 39 किमी की गहराई में था। प्रशांत सुनामी चेतावनी केंद्र ने चेतावनी दी है कि भूकंप से सुनामी आ सकती है।

# वार्ड 17 एवं वार्ड 18 हीरानगर में जन सुविधा शिविर आयोजित

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

हल्द्वानी नगर निगम क्षेत्र में नागरिकों की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी समाधान के उद्देश्य से नियमित रूप से वार्डवार जन सुविधा शिविरों का आयोजन किया जा रहा है।

इसी क्रम में नगर निगम के वार्ड 17 हीरानगर गोलज्यू मंदिर में एवं वार्ड 18 पार्षद कार्यालय भोलानाथ गार्डन में जन सुविधा शिविरों का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया।इन शिविरों में बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिक उपस्थित हुए और उन्होंने अपनी व्यक्तिगत तथा सामूहिक समस्याओं को अधिकारियों के समक्ष प्रस्तुत किया। जिला प्रशासन द्वारा नागरिकों की समस्याओं के त्वरित समाधान और



सरकारी योजनाओं की जानकारी प्रदान करने पर विशेष ध्यान दिया गया। शिविरों के दौरान नागरिकों द्वारा मुख्यत: आपूर्ति व्यवस्था से जुड़ी शिकायतें, राशन कार्ड में नाम जोड़ने या हटाने तथा पृथक राशन कार्ड जारी करने जैसी समस्याएं प्रमुख रूप से उठाई गईं।

अधिकारियों ने इनमें से कई शिकायतों का समाधान मौके पर ही किया, जबकि अन्य मामलों के त्वरित निस्तारण हेतु संबंधित विभागों को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश दिए गए। शिविर में आधार सेवा से संबंधित कार्यों के अंतर्गत कुल 68 आधार कार्ड बनाए एवं संशोधित किए गए अथवा पूर्ति विभाग से जुड़े कुल 07 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें नए राशन कार्ड बनाए जाने और नाम जोड़े जाने संबंधी प्रार्थनापत्र सम्मिलित थे। इसके अतिरिक्त यूसीसी के 16 आवेदन पत्र प्राप्त हुए एवं 02 स्ट्रीट लाइट सही कराए जाने के संबंध में शिकायतें प्राप्त हुईं, जिनका निस्तारण मौके पर ही कर दिया गया।जन सुविधा शिविर में नगर आयुक्त ऋचा सिंह, सिटी मजिस्ट्रेट गोपाल सिंह चौहान, सहायक नगर आयुक्त जी. के. भट्ट, विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी, पार्षद भी उपस्थित रहे।

# मेरु योजना के तहत दो दिनी कार्यशाला

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



कुमाऊं विश्वविद्यालय नैनीताल के भीमताल परिसर में अध्ययनरत विद्यार्थियों हेतु पीएम उषा की मेरु योजना के तहत संपूर्ण स्वास्थ्य एवं कल्याण विषय पर केंद्रित दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ हुआ, जिसमें बोलते हुए मणिपुर स्थित ईथनो मेडिसन रिसर्च सेंटर के कार्यकारी निदेशक डॉ. ए.के.एस. रावत ने शैक्षिक क्षेत्र एवं समाज में मानसिक स्वास्थ्य की महत्व पर प्रकाश डालते हुए स्वस्थ मन में ही स्वस्थ तन के विकास को दृष्टांकित किया।

कार्यशाला की संयोजक प्रो. लता पांडेय ने बताया कि भारत सरकार की पीएम ऊषा योजना के अंतर्गत मेरु योजना के तहत कुमाऊं विश्वविद्यालय को स्वीकृत परियोजना के अनुदान से विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों हेतु कार्यशालाओं की श्रृंखला आयोजित की जा रही है। इसी के तहत विश्वविद्यालय के भीमताल परिसर के फ़ार्मेसी विभाग में संपूर्ण स्वास्थ्य एवं कल्याण पर केंद्रित होकर दो दिवसीय कार्यशाला का शुभारंभ किया गया। कार्यशाला के आज आयोजित तकनीकी सत्रों की मणिपुर स्थित ईथनो मेडिसन रिसर्च सेंटर के कार्यकारी निदेशक डॉ ए.के.एस. रावत ने विषय विशेषज्ञ के रूप में व्याखयान दिया। उनके द्वारा मानसिक स्वास्थ्य के साथ दवाब प्रबंधन में परंपरागत दवाओं के आधुनिक उपयोग तथा सामान्य स्वास्थ्य व दिनचर्या में न्यूट्रीशन के महत्व पर सारगर्भित व्याख्यान दिया। कार्यशाला के उद्घाटन सत्र में परिसर निदेशक प्रो. एल के सिंह, सहसंयोजक प्रो अमित जोशी, आयोजक सचिव प्रो. अर्चना नेगी साह, फ़ार्मेसी विभाग की प्रो. अनीता सिंह, बाईमेडिकल डीन डॉ महेंद्र राणा, डॉ तीरथ कुमार, डॉ राजेश्वर कमल कांत, डॉ नरेंद्र कुमार, डॉ अरविंद जंतवाल, कोमल चंद्रा, नरेश पंत, चंद्र कांता, रितिका अरोरा, दिग्विजय बिष्ट, नरेंद्र नेगी, पुष्कर ढैला, विनोद कुमार, सुनील कुमार, ललित उपाध्याय, संतोष बुधलाकोटी, श्रीमती पुष्पा, संजय रजवार, गुंजन बिष्ट, अर्पित जोशी, रीतिका रावत सहित 150 विद्यार्थियों ने प्रतिभाग किया। कार्यक्रम का आयोजन सहसंयोजक प्रो. अमित जोशी एवं आयोजक सचिव प्रो. अर्चना नेगी साह के निर्देशन में हुआ।



# सरस्वती शिशु मंदिर के आठ खिलाड़ियों ने झटके स्वर्ण पदक

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

विद्या भारती द्वारा खटीमा में आयोजित प्रांत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में नैनीताल के दुर्गापुर स्थित सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय के 8 छात्रों ने बैडमिंटन प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया, जिसमें से सभी 8 छात्रों ने प्रथम स्थान प्राप्त कर स्वर्ण पदक हासिल किये।

कालेज प्रबंधन के मुताबिक स्वर्ण पदक प्राप्त करने वाले छात्रों में अंडर-11 सिंगल बैडमिंटन में रित्विक बिष्ट और डबल में लक्ष्य आर्य, शुभम आर्य, आयुष धोनी एवं अंडर-14 में भास्कर थापा, यश कुमार, मोहित थापा, मोहममद मुस्तफ । ने गोल्ड मेडल प्राप्त कर विद्यालय का गौरव बढ़ाया।

सभी विजेता छात्रों का चयन क्षेत्र स्तरीय बैडमिंटन प्रतियोगिता के लिए हुआ। आठों छात्रों की इस सफलता पर विद्यालय के प्रधानाचार्य दीवान सिंह मेवाड़ी व व्यवस्थापक डा. सूर्य प्रकाश ने सभी विजयी छात्रों को बधाई देते हुए उनके बेहतर उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# लेक्स इन्टरनेशनल स्कूल के अध्यापक एसएस बिष्ट को नेशन बिल्डर अवार्ड सम्मान

**हल्द्वानी/भीमताल**

**हमारे संवाददाता**

लेक्स इन्टरनेशनल स्कूल, भीमताल में कार्यरत हिन्दी के शिक्षक एस0एस0 बिष्ट को रोटरी क्लब, नैनीताल के 74वें स्थापना दिवस के अवसर पर नेशन बिल्डर अवार्ड से सम्मानित किया गया।

यह सम्मान नैनीताल शहर एवं आस-पास के विद्यालयों से 16 शिक्षकों को अपने-अपने विद्यालय में लगन के साथ उत्कृष्ट कार्य करने के लिए दिया गया। इस वर्ष शिक्षक दिवस पर भी उन्हें प्रधानाचार्य महोदय द्वारा सम्मानित किया गया। ज्ञातव्य हो कि बिष्ट विद्यालय में अपने विषय को पढ़ाने के साथ-साथ विद्यार्थियों को शतरंज की प्रतियोगिता के लिए भी तैयार करते हैं।

उनके द्वारा सिखाये गए कई विद्यार्थी शतरंज की राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भी प्रतिभाग कर चुके हैं। वे स्वयं शतरंज के राष्ट्रीय आर्बिटर है। बिष्ट की इस उपलब्धि पर विद्यालय के प्रधानाचार्य एस0एस0नेगी द्वारा उनके कार्यों की सराहना करते हुए उन्हें शुभकामनाएं प्रेषित की गई साथ ही विद्यालय वर्ग के समस्त शिक्षकों और कर्मचारियों ने उन्हें बधाई प्रेषित की।



## NEWS / फटाफट

### नैनीताल में अग्निकांड के बाद दमकल विभाग अलर्ट

**नैनीलाल ।** नगर में बीते 27 अगस्त (बुधवार) को मल्लीताल मोहन को चौराहे पर ओल्ड लंदन हाउस में लगी आग में बुजुर्ग महिला की मौत के बाद अग्निशमन विभाग चौकन्ना हो गया है। आगामी जाड़े के सीजन को देखते हुए अग्निशमन विभाग की ओर से शहर के पुराने भवनों का सर्वे व वहां अग्नि सुरक्षा इंतजाम जांचे जा रहे हैं। एफएसओ देवेंद्र सिंह नेगी ने बताया कि मुख्यालय के निर्देश पर नैनीताल शहर में बने पुराने भवनों व आग बुझाने में आने वाली दिक्कतों की जानकारी जुटाई जा रही हैं। बताया कि बिजली के मीटर में ज्यादा लोड देने पर शॉर्ट सर्किट होता है। नैनीताल शहर में ज्यादातर घटनाएं जाड़े में शॉर्ट सर्किट के कारण होती हैं इसलिए लोगों को बिजली के मीटर पर क्षमता से ज्यादा लोड नहीं डालने की अपील की है।

### खराब हाइड्रेंट ठीक करने हेतु जल संस्थान को लिखा पत्र

**नैनीताल ।** नैनीताल के सौंदर्यीकरण के लिए प्रशासन की ओर से करोड़ों रुपये खर्च कर दिए हैं लेकिन नगर को अग्निकांड से बचाने के लिए कोई नई व्यवस्था नहीं है। बीते महिनों जिला प्रशासन की टीम के निरीक्षण के बाद भी शहर में लगाए गए 83 फायर हाइड्रेंट में से 33 खराब हैं। इधर जल संस्थान व दमकल विभाग के संयुक्त निरीक्षण के बाद जल संस्थान की ओर से भेजे गए प्रस्ताव के क्रम में हाइड्रेंट को दुरुस्त करने का कार्य शुरू किया जा चुका है। दीर्घकालिक योजना के तहत हाइड्रेंट के लिए पृथक लाइन के प्रस्ताव भी बनाया जाना प्रस्तावित है।

### पुलिस कर्मियों को आग बुझाना सिखाया

**नैनीताल ।** अग्निशमन विभाग की ओर से मल्लीताल कोतवाली में अग्निसुरक्षा के इंतजाम जांचे। साथ ही पुलिस कर्मियों को एसटिंग्यूशर से आग पर काबू पाना भी सिखाया। बता दें शुक्रवार को अग्निशमन अधिकारी देवेंद्र सिंह नेगी की ओर से मल्लीताल कोतवाली में अग्नि सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण किया गया। उन्होंने अग्निशामक यंत्रों की जांच की। साथ ही पुलिस कर्मियों को फायर एसटिंग्यूशर से आग बुझाने का प्रशिक्षण दिया गया तथा आग से बचाव संबंधी आवश्यक जानकारियां भी दी। उन्होंने बताया कि हर विभाग में जाकर अग्नि सुरक्षा इंतजामों की जांच की जा रही है। कमी पाए जाने पर कमी को दूर करने के भी निर्देश दिए जा रहे हैं।

### ऑपरेशन रोमियो के तहत 84 के खिलाफ कार्रवाई



**नैनीताल ।** नैनीताल ऑपरेशन रोमियो के तहत विभिन्न स्थानों पर पुलिस ने 84 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की। पुलिस के अभियान से जहां अराजक तत्वों में हड़कंप मचा है वहीं स्थानीय लोग अभियान की तारिफ कर रहे हैं। बता दें जिले के पुलिस कप्तान प्रहलाद नारायण मीणा के दिशा निर्देश पर वीरवार की देर रात भी पुलिस ने विभिन्न क्षेत्रों में ऑपरेशन रोमियो के तहत अभियान चलाया। जिसके चलते तल्लीताल क्षेत्र व मल्लीताल क्षेत्र में अराजक तत्वों पर जमकर कार्रवाई की। नैनीताल के तल्लीताल व मल्लीताल क्षेत्र में सार्वजनिक स्थानों पर नशा कर उत्पात मचाने वाले 56 अराजक तत्वों पर कड़ी कार्रवाई की गई वहीं यातायात नियमों का उलंघन करने वाले 28 लोगों के खिलाफ कार्रवाई की गई है। पुलिस की कार्रवाई से एक ओर अराजक तत्वों में हड़कंप मचा हुआ है। वहीं स्थानीय लोगों ने पुलिस के इस अभियान से राहत की सांस ली है। पुलिस कप्तान प्रहलाद नारायण मीणा ने कहा है कि अभियान लगातार चलाया जाएगा। अराजक तत्वों पर लगातार कार्रवाई की जाएगी ताकि क्षेत्र की जनता को क्षेत्र का माहौल सुरक्षित व शांतिपूर्ण लगे।

### शराब पीकर बाइक दौड़ाना पड़ा महंगा, सीज

**नैनीताल ।** नैनीताल में देर शाम एक युवक को शराब के नशे में बाइक दौड़ाना महंगा पड़ गया। पुलिस ने युवक के खिलाफ कार्रवाई करते हुए बाइक सीज कर दी है। जानकारी के अनुसार एसआई सतीश उपाध्याय व चीता कांस्टेबल अमित गहलोत देर शाम तल्लीताल डांठ पर गश्त कर रहे थे। इस दौरान तेज गति में एक बाइक यूके 004 एएन 1476 उनकी ओर आती दिखाई दी। उन्होंने बाइक सवार को रोका तो वह शराब पिया हुआ महसूस हुआ। पुलिस ने युवक का मेडिकल किया तो शराब पिये होने की पुष्टि हो गई। जिस पर पुलिस ने युवक की बाइक को कब्जे में ले लिया। एसआई सतीश उपाध्याय ने बताया कि ड्रिंक एंड ड्राइव के तहत मल्लीताल निवासी सागर के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसकी बाइक को सीज कर दिया है।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादकः**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# दुकानों के किराए के अतिरिक्त कर लगाने के निर्णय का कड़ा विरोध किया

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता एवं जिला महामंत्री हर्ष वर्द्धन पांडे ने आज एक संयुक्त बयान जारी करते हुए नगर निगम द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर के व्यापारियों पर दुकानों के किराए के अतिरिक्त कर लगाने के निर्णय का कड़ा विरोध किया।

उन्होंने कहा कि ट्रांसपोर्ट नगर के व्यापारी पहले से ही अनेक आर्थिक चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, ऐसे में नगर निगम द्वारा उन पर कर का बोझ डालना अनुचित एवं अमानवीय कदम है। व्यापारियों ने मांग की है कि यह कर तुरंत प्रभाव से वापस लिया जाए, अन्यथा व्यापारी वर्ग आंदोलन करने को बाध्य होगा। जिलाध्यक्ष विपिन गुप्ता ने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि यदि नगर निगम ने इस फैसले को वापस नहीं लिया तो व्यापारी सड़क पर उतरकर कड़ा विरोध प्रदर्शन करेंगे और जिम्मेदारी नगर निगम प्रशासन की होगी। इसी के साथ जिला महामंत्री हर्ष वर्द्धन पांडे ने कहा कि नगर निगम में जोड़े गये नये वार्डों के व्यावसायिक प्रतिष्ठानों से कर वसूली का निर्णय भी सरकार के अपने वादों के खिलाफ है। सरकार ने पहले ही घोषणा की थी कि इन नये वार्डों में व्यावसायिक कर वर्ष 2027 से पूर्व नहीं लिया जाएगा, लेकिन यदि सरकार अपने वादे से पीछे हटकर इससे पहले कर वसूलने का प्रयास करती है तो व्यापारी वर्ग आर-पार का संघर्ष करने के लिए तैयार है।

व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने मांग की है कि नगर निगम और राज्य सरकार तुरंत व्यापारियों की समस्याओं को गंभीरता से लेते हुए व्यापार विरोधी निर्णयों को वापस ले। उन्होंने कहा कि संगठन सदैव संवाद और सहयोग की नीति में विश्वास रखता है, परंतु यदि व्यापारियों की उपेक्षा हुई तो प्रांतीय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल आंदोलन के लिए बाध्य होगा।

# भीमताल ग्राम प्रधान संगठन की जंबों कार्यकारणी घोषित

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल जिले के भीमताल विकास खंड में ग्राम प्रधान संगठन की नयी कार्यकारणी का गठन कर लिया गया है। संगठन के लक्ष्मण सिंह गंगोला को सर्वसम्मति से अध्यक्ष बनाया गया। संगठन के सभी पदाधिकारी निर्विरोध चुने गए।

बता दें कि विकास खंड के 50 ग्राम प्रधानों ने संगठन के चुनाव में प्रतिभाग किया। बैठक में मुख्य अतिथि बलाक प्रमुख डॉ. हरीश सिंह बिष्ट की मौजूद रहे रहे। डा. बिष्ट ने नई कार्यकारणी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सभी प्रधान लोग मिलकर अपने दायित्व एवं कर्तव्यों का पूरी निष्ठा से पालन करने करे भीमताल विकास खंड को प्रगति के पथ पर अग्रसर करें तथा विकास कार्यों को बढ़ावा दें। इस दौरान सभी प्रधानों ने विकास के लिए कार्य करने का संकल्प लिया। प्रधानों ने कहा सभी प्रधान संगठन के कार्यों के लिए हमेशा तत्पर रहेंगे।



नई कार्यकरणी में अध्यक्ष लक्ष्मण सिंह गंगोला, उपाध्यक्ष मुन्नी पलड़िया, प्रेमा मेहरा, प्रेमा शर्मा, डॉ बबीता मनराल, प्रदीप कुमार जबकि महामंत्री मुकेश पलड़िया, जया बोहरा तथा सचिव शेखर भट्ट वहीं उप सचिव प्रताप नगरकोटी जबकि कोषाध्यक्ष मनोज चनौतिया, महामंत्री ममता दुमका, गोविंद अधिकारी, दीपा पलड़िया, इंदर मेहता वहीं संरक्षक राधा कुल्याल, हरगोविंद रावत तथा मीडिया पंकज कुमार को चुना गया। चुनाव संपन्न कराने में पूर्व ग्राम प्रधान अध्यक्ष हेमा आर्य, लता पलड़िया, नवीन क्वीरा, प्रेम कुल्याल, डी के शर्मा तथा नवीन पलड़िया की अहम भूमिका रही।

# अभिमत

## राजनीति का चश्मा!

***शहरों और सड़कों का नाम बदलने का सिलसिला कई साल पहले से शुरू हुआ है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने निष्पक्ष टिप्पणी की है। उनका कहना है कि सड़क और शहरों के नाम देशभक्ति के आधार पर होने चाहिएं, इससे प्रेरणा मिलेगी। आक्रांताओं के नाम नहीं होने चाहिए। इसका धर्म से कोई लेना-देना नहीं है। वीर अब्दुल हमीद और महान वैज्ञानिक एपीजे अब्दुल कलाम के नाम पर शहरों और रास्तों के नाम होने चाहिएं। जो प्रेरणा राम प्रसाद बिस्मिल से मिलती है, वह अशफाक उल्ला खां से भी मिलती है।***

राजनीति से ही दुनिया के देशों की शासन व्यवस्था संचालित हो रही है। हर काम को राजनीति के चश्मे से देखना उचित नहीं है। शहरों और सड़कों का नाम बदलने का सिलसिला कई साल पहले से शुरू हुआ है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ (आरएसएस) प्रमुख डॉ. मोहन भागवत ने निष्पक्ष टिप्पणी की है। उनका कहना है कि सड़क और शहरों के नाम देशभक्ति के आधार पर होने चाहिएं, इससे प्रेरणा मिलेगी। आक्रांताओं के नाम नहीं होने चाहिए। इसका धर्म से कोई लेना-देना नहीं है। वीर अब्दुल हमीद और महान वैज्ञानिक एपीजे अब्दुल कलाम के नाम पर शहरों और रास्तों के नाम होने चाहिएं। जो प्रेरणा राम प्रसाद बिस्मिल से मिलती है, वह अशफाक उल्ला खां से भी मिलती है। संघ प्रमुख ने स्पष्ट किया कि उन्होंने कभी यह नहीं कहा कि मुस्लिम का नाम न हो। दरअसल भारतीय जनता पार्टी नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) की सरकार के दौरान सड़कों का नाम बदलने को धर्म से जोड़ा जाने लगा। उत्तर प्रदेश में अलग-अलग पार्टियों की सरकारों ने शहरों के नाम बदले। महापुरुषों के नाम से पार्क बनवाये। हालांकि जातिवादी पार्टियों ने जिन महापुरुषों के नाम का इस्तेमाल किया, उसके पीछे उस जाति के लोगों को वोट बैंक से जोड़ना था। जातिवादी पार्टियों का जनाधार स्थायी नहीं होता है, इसलिए शहरों और सड़कों के नाम बदलने तथा पार्क बनाने का राजनीतिक फायदा ज्यादा दिन नहीं मिला। वर्तमान में केन्द्र और उत्तर प्रदेश की सरकार ने जिन शहरों और सड़कों के नाम बदले हैं, भारत पर आक्रमण करके जुल्म ढहाने वाले आक्रांता शासकों के नाम पर थे। इतिहास के पन्ने मुगल शासनकाल के दौरान जनता पर जुल्म से भरे हैं। मुगल शासकों ने अपने नाम पर किले बनवाये। सड़कें बनवाईं। इसके बाद ब्रिटिश शासन की गुलामी के दौरान अंग्रेजों के नाम पर सड़क और इमारतें बनाई गईं। आजादी के बाद गुलामी और आक्रांताओं के नाम के प्रतीक मिटाये नहीं गये। स्वतंत्रता सेनानियों, क्रांतिकारियों, शहीदों के नाम पर शहर, सड़क और इमारतें होने से आने वाली पीढ़ी में देशभक्ति की भावना को बल मिलेगा। महापुरुष हमेशा से धर्म, जाति के दायरे से ऊपर होते हैं। इसी लिए संघ प्रमुख ने एपीजे अब्दुल कलाम, अशफाकउल्ला खां और अब्दुल हमीद का उदाहरण दिया है। अब शहर व सड़क के नाम बदलने को दलगत राजनीति से नहीं देखा जाना चाहिए।

# दुर्गा पूजा महोत्सव की तैयारियों को लेकर बैठक

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



अपर जिलाधिकारी शैलेंद्र सिंह नेगी की अध्यक्षता में शुक्रवार को नैनीताल में आगामी 28 सितंबर (रविवार) से शुरु होने जा रहे श्री मां दुर्गा देवी महोत्सव की तैयारियों को लेकर प्रशासन और आयोजक संस्था सर्बजनिन दुर्गा पूजा कमेटी समेत विभिन्न जनप्रतिनिधियों व नगर के सममानित सदस्यों और पदाधिकारियों के साथ बैठक हुई।

बैठक में सर्बजनिन दुर्गा पूजा कमेटी के संयोजक त्रिभुवन सिंह फर्त्याल ने कमेटी की तरफ से महोत्सव की तैयारियों के संबन्ध में अवगत कराया। उन्होंने बताया कि पूर्व में भी प्रशासन की तरफ से दुर्गा देवी पूजा महोत्सव के अवसर पर उचित व्यवस्थाएं की गयी हैं। इसी तरह इस बार भी प्रशासन से अपेक्षा की जा रही है। कमेटी के सदस्यों के अनुरोध के क्रम में पूर्व की भांति दुर्गा पूजा महोत्सव को सफल और भव्य बनाने हेतु इस बार भी उचित व्यवस्थाएं बनाने का अनुरोध किया।

बैठक में अपर जिलाधिकारी शैलेंद्र सिंह नेगी ने अधिशासी अधिकारी नगर पालिका नैनीताल को मेला स्थल तथा क्षेत्र में नियमित साफ. सफ ाई, लाइटिंग व्यवस्था, मोबाइल टॉयलेट आदि की उचित व्यवस्था करने के लिए निर्देशित किया, इसके साथ ही विद्युत विभाग, पेयजल विभाग और लोक निर्माण विभाग को आपसी समन्वय के साथ मिलकर कार्य करने के निर्देश दिये। अपर जिलाधिकारी नेगी ने कोतवाली प्रभारी मल्लीताल को शांति व्यवस्था बनाए रखने और ट्रैफि क को नियंत्रित करने के साथ ही मां दुर्गा पूजा के डोला यात्रा के दौरान पूर्व से निर्धारित मार्ग के किनारे अनावश्यक खड़े वाहनों को हटाने तथा पर्याप्त मात्रा में पुलिस बल तैनात करने के निर्देश दिए।

उन्होंने अधिशासी अभियंता लोक निर्माण विभाग नैनीताल को निर्देशित किया कि सडक़ किनारे अनावश्यक रूप से पड़ीं निर्माण सामग्रियां पूर्व से ही हटवा दें। बैठक में अपर जिलाधिकारी ने यह भी अवगत कराया कि 2अकटूबर (वीरवार) को दशहरा पर्व के अवसर पर डीएसए मैदान में पूर्व की भांति रावण दहन कार्यक्रम किया जाएगा। इसके दृष्टिगत सभी आपसी समन्वय और सहयोग से कार्य करें। उन्होंने कहा नैनीताल धार्मिक और पर्यटन नगरी है दोनों ही बातों का विशेष ध्यान रखते हुए कार्य किये जाएं। बैठक में पालिकाध्यक्ष डा.सरस्वती खेतवाल, अध्यक्ष होटल एसोसिएशन दिगविजय सिंह बिष्ट, सर्बजनिन दुर्गा पूजा कमेटी के महासचिव बहादुर सिंह बिष्ट, बार एसोसिएशन, व्यापार मंडल तथा श्री राम सेवा सभा के प्रतिनिधियों समेत उप जिलाधिकारी नवाजिश खालिकए,कोतवाली प्रभारी हेम चंद्र पंत, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद नैनीताल रोहिताश शर्मा समेत प्राधिकरण, विद्युत विभाग, पेयजल विभाग, शिक्षा विभाग, खेल विभाग, केएनबीएन, लोक निर्माण सहित विभिन्न विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## चरस के साथ पकड़े दो आरोपियों को 12-12 साल की कठोर सजा

**नैनीताल** । विशेष न्यायाधीश एनडीपीएस एकट/ अपर जिला न्यायाधीश प्रथम नैनीताल संजीव कुमार की अदालत ने शुक्रवार को चरस के साथ पकड़े गए दो आरोपियों को 12-12 साल के कठोर कारावास व 1.20 लाख रुपये अर्थदण्ड की सजा सुनाई है । अभियोजन की ओर से सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता (फ ौजदारी) पूजा साह ने अदालत को बताया कि भीमताल पुलिस ने फ रवरी 2021 में हरियाणा निवासी सुमित के कबजे से 1.517 किलोग्राम चरस और आनन्द सिंह के कबजे से 1.5 किलोग्राम चरस बरामद की थी। यह मात्रा वाणिज्यिक श्रेणी में आती है। अभियोजन ने कहा कि दोनों अभियुक्त चरस को बेचकर नवयुवकों को शारीरिक रूप से कमजोर कर रहे थेए जो समाज व देश विरोधी है। वहीं बचाव पक्ष ने कहा कि अभियुक्त बहुत गरीब हैं घर में उनके अतिरिक्त कोई कमाने वाला नहीं है और यह उनका पहला अपराध है।

# नैनीताल के ऑल सेंट्स कॉलेज में 17वीं वार्षिक जल क्रीड़ा प्रतियोगिता आयोजित

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**



नगर के प्रतिष्ठित ऑल सेंट्स कॉलेज में शुक्रवार को 17वीं वार्षिक एक्वेटिक मीट (वार्षिक जल क्रीड़ा) बड़े उत्साह उमंग और खेल भावना के साथ संपन्न हुई। कार्यक्रम में विद्यालय की छात्राओं ने तैराकी की विभिन्न प्रतियोगिताओं जैसे फ्री स्टाइल, बैक स्ट्रोक, बटरफ्फलाई स्ट्रोक और ब्रैस्ट स्ट्रोक में शानदार प्रदर्शन कर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। सभी प्रतिभागियों ने बेहतरीन खेल कौशल और जोश के साथ प्रतिस्पर्धा की। कक्षा 1 और 2 की छात्राओं ने लाइफ जैकेट रेस में भाग लेकर कार्यक्रम में विशेष उत्साह का संचार किया।

प्रतियोगिता में सब जूनियर श्रेणी में अन्वी हरितवाल, जूनियर श्रेणी में अमानत कौर शोकर जबकि मिडिल श्रेणी में नंदिनी बिष्ट और सीनियर श्रेणी में इकनूर कौर विरक ने सर्वश्रेष्ठ तैराक के पुरस्कार जीतते हुए अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन का परिचय दिया वहीं नंदिनी बिष्ट को उनके शानदार प्रदर्शन के लिए स्विमर ऑफ द मीट का खिताब दिया गया। प्रतियोगिता का सबसे प्रतिष्ठित पुरस्कार ऑल सेंट्स कॉलेज की एक्वेटिक शील्ड -2025 को रॉबिन्सन हाउस ने अपने नाम किया। कार्यक्रम की मुखय अतिथि नैनीताल विधान सभा की विधायक सरिता आर्या रही। कार्यक्रम में अन्य गणमान्य अतिथियों के रूप में भावना मेहरा राज्य महासचिव भाजपा महिला मोर्चा, सांसद प्रतिनिधि गोपाल सिंह रावत, शिवांशु जोशी प्रेस सचिव जिला बार एसोसिएशन नैनीताल समेत नितिन कार्की भाजपा मंडल अध्यक्ष समेत गीता पांडेय तथा सभी प्रतिभागियों के अभिभावकों समेत सुनीता चौहान, गोपाल बिष्ट, संगीता जलाल बिष्ट, भुवन पडियार व प्रीति आर्या व अन्य खेल प्रेमी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन ज्योतिका गिल और सीमा ठुलघरिया ने किया।

# फिल्मी दुनिया

## दूसरे हफ्ते में बनी 100 करोड़ी फिल्म घटी लोका की कमाई



*मलयालम फिल्म लोका चैप्टर 1 28 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। शुरुआत में इस फिल्म की कमाई धीमी रही। इसके कुछ दिनों के बाद फिल्म की कमाई बढ़ी। दूसरे हफ्ते के शुरुआत में फिल्म की कमाई अच्छी रही, फिर इसकी कमाई घटी। हालांकि फिल्म ने दूसरे हफ्ते में 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। आइए जानते हैं फिल्म की कितनी कमाई हुई है। ओपनिंग डे पर फिल्म ने 2.7 करोड़ रुपये से बॉक्स ऑफिस पर खाता खोला। पहले शुक्रवार को फिल्म की कमाई 4 करोड़ रुपये रही। शनिवार को फिल्म ने 7.6 करोड़ रुपये कमाए। रविवार को फिल्म ने 10.1 करोड़ रुपये कमाए। इसके बाद फिल्म ने पहले हफ्ते में लगभग हर दिन 7 करोड़ रुपये का कारोबार किया। पहले हफ्ते में फिल्म ने कुल 54.7 करोड़ रुपये का कारोबार किया। दूसरे शुक्रवार को फिल्म ने 7.65 करोड़ रुपये का कारोबार किया। शनिवार को फिल्म ने 10 करोड़ रुपये का कारोबार किया। रविवार को फिल्म की कमाई 10.15 करोड़ रुपये रही। इसके बाद फिल्म की कमाई 5 करोड़ रुपये के आस-पास रही। दूसरे हफ्ते में फिल्म की कुल कमाई 47 करोड़ रुपये रही। तीसरे शुक्रवार को फिल्म ने 2.19 करोड़ रुपये की कमाई की। इस तरह से फिल्म ने अब तक 103.89 करोड़ रुपये की कमाई की। इस तरह से इस फिल्म ने दूसरे हफ्ते में 100 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया। फिल्म का बजट 30 करोड़ रुपये बताया जाता है। ऐसे में फिल्म ने अपने बजट का कई गुना ज्यादा कमा लिया है।*

### लोका चैप्टर 1 के बारे में

*लोका चैप्टर 1 भारतीय सिनेमा की पहली महिला सुपरहीरो वाली फिल्म है। फिल्म का निर्देशन डोमिनिक अरुण ने किया है और इसका निर्माण दुलकर सलमान ने वेफरर फिल्म्स के तहत किया है। फिल्म में कल्याणी प्रियदर्शन के अलावा नैस्लेन और सैंडी के साथ अरुण कुरियन, चंदू सलीम कुमार और निशांत सागर ने अभिनय किया है।*

# नैनीताल मानसून मैराथन में केन्या व इथियोपिया के धावक करेंगे प्रतिभाग

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल में 14 सितंबर (रविवार) को रन टू लिव मानसून मैराथन का आयोजन होगा, जिसको लेकर आयोजक संस्था ने सभी तैयारियां पूरी कर ली हैं। मैराथन में भारत के सभी राज्यों समेत केन्या तथा इथियोपिया व भारतीय थल सेना तथा आईटीबीपी के धावक भी प्रतिभागी करेंगे।

बता दें कि इस वर्ष की थीम रन फ ॉर उत्तराखंड रखी गई है। प्रतियोगिता के दिन 5 होनहार खिलाड़ियों को स्कॉलरशिप भी प्रदान की जाएगी। रन टू लिव के सचिव हरीश तिवारी ने बताया कि इस वर्ष मानसून मैराथन का 14वॉं संस्करण है। बताया कि प्रतियोगिता नैनीताल फ्फलैट्स मैदान में सुबह 7 बजे से विभिन्न वर्गों में 21 किलोमीटर, 10 किलोमीटर और 5 किलोमीटर में आयोजित की जाएगी। बताया कि प्रतियोगिता के लिए ऑनलाइन आवेदन शुरू हो चुके हैं। बताया कि प्रतियोगिता में देश के विभिन्न राज्यों के साथ ही शहर और आसपास के विभिन्न स्कूलों के खिलाड़ी प्रतिभाग करेंगे। साथ ही केन्या और इथियोपिया देशों के खिलाड़ियों के प्रतिभाग करेंगे।

बताया कि विजेता खिलाड़ियों को ट्रॉफी के साथ ही कैश प्राइस भी दिया जाएगा जिसमें 21 किलोमीटर ओपन पुरुष वर्ग में प्रथम पुरस्कार 500 हजार, द्वितीय 25 हजार तथा तृतीय 15 हजार रखा गया है। इसके साथ ही अन्य वर्गों में भी विभिन्न कैटेगरी में कैश प्राइज रखा गया है। मानसून मैराथन के लिए सभी तैयारियां पूरीकर ली गई है। इस वक्त सबसे ज्यादा 15000 धावकों ने अपना रजिस्ट्रेशन मैराथन के लिए कराया है।

# जिला जज हरिद्वार ने किया गुरुजनों का किया विशेष सम्मान

हरिद्वार/नैनीताल

हमारे संवाददाता

भारतीय जागरूकता समिति के साथ जिला विधिक प्राधिकरण रोशनाबाद हरिद्वार ने एडीआर बिल्डिंग में शिक्षक सम्मान का एक कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें हरिद्वार के प्रमुख स्कूलों के प्रिंसिपल एम् अधियापक मोजूद रहे।

उक्त कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिला जज नरेंद्र दत्त जिला विधिक प्राधिकरण की सचिव सिमरन जीत कौर, एएसपी जी. आर. पी.अरुणा भारती, एएसपी सदर निशा यादव हरिद्वार तथा हाईकोर्ट के अधिवक्ता ललित मिगलानी रहे। कार्यक्रम में टीटीओ हरिद्वार रविन्द्र सैनी वरुणा सैनी ही उपस्थित रहे । कार्यक्रम में मुखय अतिथि जिला जज नरेंद्र दत्त ने संबोधित करते हुए कहा की



भारतीय जागरूकता समिति का प्रयास हमेशा से प्रशासनीय रहा है उनका कार्य समाज को दिशा देने के लिए एक महत्पूर्ण भूमिका देता अहि उन्होंने आगे कहा की शिक्षक समाज का एक मजबूत स्तंभ है जिससे समाज का निर्माण होता है हर व्यक्ति गुरु बिन अधुरा है आज प्राधिकरण के लिए संम्मान का दिन है की आज हमारे प्रांगन में शिक्षक आये और हमें उनको सम्मान करने का मोका मिला प्राधिकरण हर अध्यापक का सम्मान करके अपने आपको गोवार्वित महसूस करता है।

सचिव सिमरनजीत कौर ने समस्त अधियापकों का सममान करते हुए कहा की प्राधिकरण को समय समय पर हर स्कूल का सहयोग प्राप्त होता रहता है जहा पर वो भारतीय जागरूकता समिति के साथ मिल कर विधिक जागरूकता शिविर लगा कर बच्चो में कानून की जानकारी वितरित की जाती रही है जो एक सरहनीय कार्य है अब जल्दी ही हर स्कूल में बाल न्याय कलब खोले जाने है जिसमे बच्चो को कानून की जानकारी हमेशा कामयाबी होती रहेगी। हाईकोर्ट के अधिवक्ता ललित मिगलानी ने कहा कि शिक्षक ही है जो किसी व्यक्ति को समाज में रहने लायक बनता है शिक्षक माँ, बाप तथा दोस्त की मार्गदर्शक की भूमिका निभाता है आज हमारा सोभाग्य है की हमें आज शिक्षकों का सममान करने का मौका मिला है। कार्यक्रम में श्रीमती करुणा शर्मा पूर्व प्रधानाचार्य गुरुकुल इन्टर कोलाज, श्रीमति पूनम राणा प्रधानाचार्य जीजीआईसी ज्वालापुर बीटा गर्ग, प्रधानाचार्य सेंट थॉमस रोशनाबाद, हेमा पटेल प्रधानाचार्य स्वामी हरिहरानन्द कनखल, डॉ. किरन पेशीन प्रधानाचार्य डिवाइन लाइट जगजीतपुर के इलावा डीएवी कनखल, माँ स्वरस्वती बहादराबाद, एंजिल्स अकादमी बहादराबाद, स्प्रिंग फीलिड स्कूल बहादराबाद, विद्या विहार अकादमी ज्वालापुर, मोर्टफ र्ट स्कूल रुडकी आदि से आये अध्यापको को समिति में प्राधिकरण द्वारा सम्मनित किया गाया। कार्यक्रम में संगीता भरद्वाज, रमन सैनी, समिति से राजीव लोचन, वीनित चौहान, अनिल कुमार, कपिल मेहता, सिद्धार्थ प्रधान, प्रवीन कुमार, शिवानी गौर अध्यक्ष विमेंस विंग, अर्चना शर्मा, अर्पिता शर्मा, दीपाली शर्मा, सुप्रिया शर्मा, अंजलि महेश्वरी, चेतन चौधरी, नेहा मालिक, रेनू अरोड़ा तथा पंकज कुमार आदि समलित हुए, जिनको भी प्राधिकरण द्वारा सम्मान किया गया।

## News कॉर्नर

### बालिकाओं को नंदा गौरा योजना का लाभ न दिये जाने पर हाईकोर्ट गंभीर

नैनीताल। उत्तराखण्ड हाईकोर्ट ने राज्य की 12वीं पास बालिकाओं को नंदा गौरा योजना का प्रतिलाभ न दिये जाने के खिलाफ दायर जनहित याचिका पर सुनवाई की। मामले की सुनवाई करते हुए मुखय न्यायधीश जी नरेन्द्र व न्यायमूर्ती सुभाष उपाध्याय की खण्डपीठ ने राज्य की महिला सशक्तिकरण व संबंधित विभागों से पूछा है कि बालिकाओं को इस योजना का लाभ अभी तक क्यों नहीं दिया गया। अभी यह मामला एक जिले का है वह भी 2022-23 का, ऐसे में बालिकाओं की उच्च शिक्षा कैसे होगी? योजना का समान लाभ सबको मिलना चाहिए। इस पर संबंधित विभाग अपनी रिपोर्ट अगले हसे तक पेश करे।

मामले के अनुसार चमोली जिला निवासी एक सामाजिक कार्यकत्री ममता नेगी ने उच्च न्यायलय में जनहित याचिका दायर कर कहा है कि वे समाजिक कार्य कई वर्षो से करती आई हैं। उनका मुखय कार्य गरीब तबके के बच्चों को स्कूल तक ले जाना है लेकिन उन्ही गरीब बच्चों को सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। उनके जिले में वर्ष 2022-23 में 439 बालिकाओं ने इंटरमीडिएट की परीक्षा पास की थी । सरकार की नन्दा गौरा योजना के मुताबिक उनकी आगे की पढ़ाई के लिए 51 हजार रुपये की प्रोत्साहन राशि दी जानी थी लेकिन प्रसासन से बार बार अनुरोध करने के बाद भी उन्हें नहीं दिया गया जबकि उनके द्वारा इसे प्राप्त करने के लिए सभी मानक 2023 में पूरे कर स्कूल के माध्यम से संबंधित विभाग को भेज दिया था, विभाग ने इसे देने के लिए सरकार से 2 करोड़ 45 लाख की मांग की लेकिन अभी उन्हें यह राशि नही दी गयी।

# डीएम ने की सिटी क्लब के निदेशकों और पदाधिकारियों के साथ बैठक

रूद्रपुर

हमारे संवाददाता

जिलाधिकारी/अध्यक्ष रूद्रपुर सिटी क्लब नितिन सिंह भदौरिया की अध्यक्षता में जिला सभागार में बैठक आयोजित हुई।

बैठक में डीएम ने रूद्रपुर सिटी क्लब में सुविधाएं और आय बढ़ाये जाने के लिए गहन विचार-विमर्श सिटी क्लब के पदाधिकारियों के साथ किया गया। रूद्रपुर सिटी क्लब में जिम बनाये जाने,क्लब की आय बढ़ाने, क्लब में सदस्यो की सक्रियता बढ़ाये जाने, रेस्टोरेंट संचालन व कम्यूनिटी हॉल में एसी स्थापना को विचार विमर्श किया गया।

डीएम भदौरिया ने कहा कि रूद्रपुर सिटी क्लब को कंपनी एक्ट के अनुसार वायलॉज बनाते हुए संचालित किया जाये? इसके साथ ही सिटी क्लब को सुविधा सम्पन्न बनाते हुए सदस्यता भी बढ़ाई जाये। ताकि सदस्यों को क्लब में अधिक से




अधिक सुविधाए मिल सकें और सदस्यों को क्लब का उपयोग कर सकें। बैठक में उप जिलाधिकारी/ओसी गौरव पांडेय, सिटी क्लब उपाध्यक्ष पंकज बांगा,सचिव राजेश घीक,संजय ठुकराल, सुरेश कुमार ढींगड़ा,सुखदेव सिंह भल्ला,अनुज कुमार आदि मौजूद थे।

**बैठक**

- क्लब को कंपनी एक्ट के मुताबिक वायलॉज बनाते हुए संचालित करने पर जोर
- क्लब की सुविधाएं और आय बढ़ाने समेत कई अन्य बिंदुओं पर गहनता से विचार विमर्श किया

# एलपीएस नैनीताल उत्तराखंड में समग्र शिक्षा हेतु नंबर वन घोषित

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नगर के प्रतिष्ठित लॉन्ग व्यू सीनियर सेकेंडरी स्कूल ने क्षेत्र का मान बढ़ाते हुए नैनीताल में नंबर वन और उत्तराखंड में नंबर वन स्थान प्राप्त किया है। यह सममान समग्र शिक्षा के क्षेत्र में प्रतिष्ठित ग्रैंड महाराष्ट्र एंड नॉर्थ इंडिया स्कूल मेरिट अवार्ड्स समारोह में प्रदान किया गया।

कालेज प्रबंधन के मुताबिक समारोह होटल द ललित मुंबई में आयोजित हुआ, जिसका आयोजन एजुकेशन टुडे बेंगलुरु स्थित संस्था ने किया। यह संस्था कई वर्षों से शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रही है। यह पुरस्कार विद्यालय की ओर से प्रधानाचार्य भुवन त्रिपाठी और वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती नूपुर ने ग्रहण किया। विद्यालय के प्रबंधन और प्रधानाचार्य ने इस अहम कामयाबी पर सभी गुरुजनों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी और कहा कि यह सफ लता सभी के सामूहिक प्रयास का परिणाम है।

यह सम्मान लॉन्ग व्यू सीनियर सेकेंडरी स्कूल की उस प्रतिबद्धता को दर्शाता है जिसके तहत विद्यालय निरंतर शैक्षणिक उत्कृष्टता और सह पाठ्यक्रम विकास दोनों को महत्व देता आया है।




# सुरक्षित वाहन संचालन से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

वरिष्ठ पुलिस प्रहलाद नारायण मीणा के निर्देश पर तथा पुलिस अधीक्षक अपराध/यातायात, क्षेत्राधिकारी यातायात हल्द्वानी के मार्गदर्शन में शिवराज बिष्ट यातायात निरीक्षक, अपर उप निरीक्षक यातायात सुरेश चंद्र पाठक व भूपाल सिंह शाही की टीम द्वारा एच एन इंटर कॉलेज हल्द्वानी में जूनियर ट्रैफिक फोर्स अभियान के अंतर्गत स्कूली बच्चों को यातायात नियमों का पालन कराने, ट्रैफिक व्यवस्था में सहयोग देने और सुरक्षित वाहन संचालन से संबंधित प्रशिक्षण दिया गया।

छात्र छात्राओं को यातायात संकेतों, गुड समेरिटन नियम तथा मोटर वाहन अधिनियम की जानकारी दी गई। नाबालिगों द्वारा वाहन चलाने पर माता-पिता/अभिभावकों पर कार्यवाही किए जाने की जानकारी दी गई। साथ ही डायल 112 हेल्पलाइन के उपयोग की जानकारी दी गई ताकि किसी भी आपातकालीन स्थिति में तत्काल मदद ली जा सके। यातायात निरीक्षक वेद प्रकाश द्वारा पी एं जी कॉलेज रामनगर में परिवहन विभाग के साथ मिलकर छात्रों को ट्रैफिक नियम एवं फर्स्ट ऐड के बारे में जानकारी दी गई। प्रभारी निरीक्षक कोतवाली मल्लीताल हम चंद्र पंत के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा राजकीय इंटर कॉलेज मंगोली में छात्र-छात्राओं को साइबर क्राइम और उससे बचाव के तरीकों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। वरिष्ठ नागरिकों की कुशलता पूछते हुए उन्हें डिजिटल अरेस्ट से संबंधित सतर्क रहने की सलाह दी गई। थानाध्यक्ष बेतालघाट विजय नेगी के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना बेतालघाट क्षेत्र के ग्राम आमबाड़ी, ग्राम तल्लाकोट व ऊंचाकोट* में ड्रग्स फ्री उत्तराखंड अभियान चलाया गया। ग्रामीणों को नशे से दूर रहने, नशे के दुष्परिणाम, आर्थिक नुकसान तथा इससे बचाव के उपाय बताए गए। साइबर क्राइम से बचाव, डिजिटल अरेस्ट से सावधान रहने और साइबर फ्रॉड होने पर 1930 नंबर पर शिकायत करने की जानकारी दी गई। हेल्पलाइन नंबर साझा कर जागरूकता फैलायी गई। थानाध्यक्ष काठगोदाम विमल मिश्रा के नेतृत्व में काठगोदाम क्षेत्र अंतर्गत वरिष्ठ नागरिकों को साइबर क्राइम/डिजिटल अरेस्ट के बारे में जागरूक कर डायल 1930 के बारे में अवगत कराया गया।

नशे से दूर रहें, स्वस्थ और सुरक्षित जीवन अपनाएं। यातायात नियमों का पालन करें, खुद और दूसरों की सुरक्षा सुनिश्चित करें। साइबर अपराध से सतर्क रहें, संदिग्ध गतिविधियों की तुरंत सूचना दें। हेल्पलाइन नंबर डायल 112 और 1930 का उपयोग कर आपातकाल में सहायता प्राप्त करें।

# अधिकारियों के बयान से हाईकोर्ट नहीं हुआ संतुष्ट

नैनीताल

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने नंधौर, गौला तथा कोसी व गंगा व दाबका सहित अन्य नदियों में वर्षात के समय हो रहे भू कटाव व बाढ़ से नदियों के मुहाने अवरुद्ध होने के कारण अबादी क्षेत्रों में जल भराव तथा भू कटाव के मामले पर आरटीआई एटविस्ट भुवन पोखरिया के द्वारा उच्च न्यायलय के मुखय न्यायधीश को की गई शिकायत का स्वत: संज्ञान लेकर सुनवाई की । बता दें कि पूर्व के आदेश पर शुक्रवार को राज्य सरकार के आला अधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से कोर्ट में पेश हुए। मामले को गंभीरता से लेते हुए कोर्ट में पेश हुए अधिकारियों के बयान पर कोर्ट ने नाराजगी व्यक्त करते हुए कहा है कि इसको दुरुस्त करने के लिए एकशन प्लान प्रतुत करे। हाईकोर्ट में हुई सुनवाई पर खनन से जुड़े बड़े अधिकारी कोर्ट में विडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश हुए । उनके द्वारा अपना पक्ष रखा गया लेकिन कोर्ट उनके तर्को से सहमत नहीं हुई। हाईकोर्ट ने पूछा कि पूर्व के आदेशों का अभी तक अनुपालन क्यों नही हुआ, इस पर अपने जवाब से अधिकारी कोर्ट को सन्तुष्ट नहीं करा पाए। कोर्ट ने इस पर नाराजगी व्यक्त करते हुए अवैध व नदियों का चेंलाइजेशन करने के मामले में विस्तृत प्लान कोर्ट में पेश करने को कहा है।

मामले की अगली सुनवाई आने वाले सोमवार यानी 15 सिंतबर को होगी, साथ में पीसीसीएफ होपए सचिव सिंचाई व एमडी फोरेस्ट कॉपोरेशन सुनवाई के दौरान व्यक्तिगत वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पेश होंगे।

## संस्था का पता परिवर्तन सूचना

सूचित किया जाता है कि संस्था आर.एस.पी. सोशल एण्ड एजुकेशनल सोसायटी पता नियर नेगी मिष्ठान भण्डार घासमण्डी पो0/तहसील-रामनगर जिला-नैनीताल का पता परिवर्तन कर ग्राम हरसान कपकोट पो0-हरीपुरा जिला उधम सिंह नगर कर दिया गया है। यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो वह 15 दिन के अन्दर आपत्ति दर्ज कर सकता है।

# बैठक: खाद्य पदार्थो की नियमित अधिक से अधिक जांच की जाए

रूद्रपुर

हमारे संवाददाता

एडीएम कौस्तुभ मिश्र की अध्यक्षता में जिला खाद्य सुरक्षा समिति की त्रैमासिक बैठक जिला सभागार में आयोजित हुई। इस दौरान एडीएम ने कहा कि जन स्वास्थ्य सरकार व प्रशासन की प्राथमिकता है और सभी को सुरक्षित खाद्य समाग्री मिले यही सरकार, प्रशासन का लक्ष्य है। इसलिए खाद्य पदार्थो की नियमित अधिक से अधिक जांच व सैम्पलिंग की जाये ताकि जनता को शुद्ध खाद्य पदार्थ मिल सकें। एडीएम ने कहा कि जनता को शुद्ध खाद्य पदार्थ उपलब्ध हो यह सरकार की प्राथमिकता है, इसलिए खाद्य पदार्थो की नियमित जांच एवं सैम्पलिंग कर मिलावटखोरी पर पूर्ण प्रतिबन्ध लगाना सुनिश्चित करें। उन्होंने कहा कि खाद्य पदार्थो



को लेकर पोस्टर,बैनर, प्रिन्ट एवं इलैक्ट्रानिक मीडिया के माध्यम से जनता को जागरूक किया जाये खाद्य सुरक्षा एप व टॉल फ्री नंबर 1800112100 का अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किया जाये। ताकि जनता खाद्य पदार्थो में मिलावट संबंधित शिकायतें एप व टॉल फ्री नंबर पर कर सकें। एडीएम ने दुग्ध पदार्थो के साथ ही तेल एवं घी के नियमित चैंकिंग व सैम्पलिंग करने के निर्देश खाद्य सुरक्षा अधिकारी को दिये। कहा कि दुध, पनीर, खोया की अभियान चलाकर सैम्पलिंग की जाये तथा मिलावटी दुग्ध सामग्री पर पूर्ण अंकुश लगाया जाये। उन्होंने संयुक्त टीम बनाकर जनपद के नाको व खत्तो में भी छापेमारी कराने के निर्देश दिये। ताकि जनपद में आ रहे मिलावटी दुग्ध व अन्य खाद्य पदार्थो पर प्रतिबन्ध लगाया जा सके। उन्होने कहा कि त्योहार भी नजदीक है इसलिये अभियान चलाकर छापेमारी की जाए। खाद्य सुरक्षा अभिहित अधिकारी डॉ प्रकाश फुलारा व खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने पीपीटी के माध्यम से जानकारियां दी। उन्होंने बताया कि त्रैमास में 58 सैम्पल लिए गये जिसमे 7 असुरक्षित व 1 अद्योमानक पाया गया। 2021 से अब तक 1155 सैम्पलिंग की गयी। जिसमें से 205 सैम्पल फेल हुए व 193 पर वाद दायर किया गया 89 वादों का निस्तारण किया गया और 52 लाख का अर्थ दंड लगाया गया। उन्होंने बताया कि त्रैमास में 93 नये रेस्टोरेंट/होटल को लाइसेंस जारी एवं 540 दुकानो का पंजीकरण किया गया है। बैठक में एसीएमओ डॉ हरेन्द्र मलिक, प्राध्यापिका खाद्य एवं पोषण विभाग पंतनगर विश्वविद्यालय डॉ0 अर्चना कुशवाहा, डीपीओ मुकुल चौधरी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी आशा आर्या,अपर्णा शाह,जिला पूर्ति अधिकारी विनोद तिवारी, खाण्ड शिक्षा अधिकारी सईद आलम, प्रबन्धक उद्योग किरन गोस्वामी, उप निरीक्षक अनिल मेहता, समिति सदस्य देवभूमि व्यापार मंडल जिलाध्यक्ष गुरमीत सिंह,सत्यवान गर्ग आदि मौजूद थे।